हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, बुधवार 15 मई 2024
[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

MOTION BHILAI

## मोशन है, तो भरोसा है।

India 's Best IIT-JEE I NEET I Foundation Coaching Institute

**Highest Selection Ratio (NEET)**

Total Student Qualified in 2023
6492 / 7084 = 91.64%

Total Student Qualified in 2022
4837 / 5356 = 90.31%




28 Students under 1000 Ranks & 435 Students under 10000 Ranks in NEET 2023

Once Again At NEET
MAKE IT COUNT WITH US !
LEADER BATCH
STARTING FROM
1ST JUNE 2024

ADMISSION OPEN




Deepak Advertisers

## ADMISSION ANNOUNCEMENT Session 2024-25
(Full-Time Classroom Program)

| Target: JEE/NEET 2026 | Target: JEE 2025 | Target: NEET 2025 | Target: Olympiads & Board |
|---|---|---|---|
| **Nurture Batch** | **Achiever Batch** | **Leader Batch** | **Foundation Batch** |
| Class 10th to 11th Moving | Class 12th to 13th Moving | Class 12th to 13th Moving | Class 6th to 10th Moving Students |
| Batch at initial stage | Starting from : 1st June 2024 | Starting from : 1st June 2024 | Batch at initial stage |

MOTION

7970222201 / 7440200990
STUDY CENTER (BHILAI) : 152, NEW CIVIC CENTRE, BHILAI, CHHATTISGARH 490006
Follow us : facebook.com/motionbhilaiiitjee instagram.com/motionbhilai

## सफलता जरूर मिलेगी लेकिन.... शिक्षक, विद्यार्थी और अभिभावक को मिलकर काम करना होगा। एक भी कड़ी कमजोर न रह जाए।



जब छात्र किसी भी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी शुरू करता है, तो सबका लक्ष्य परीक्षा उत्तीर्ण कर सीट सुनिश्चित करना होता है। लेकिन आमतौर पर बहुत कम विद्यार्थी अपना लक्ष्य हासिल कर पाते हैं। हमारा मानना है कि JEE हो या NEET या फिर कोई और प्रतियोगिता... सफलता जरूर मिलेगी लेकिन इसके लिए एक रूट चार्ट का पालन करना बहुत जरुरी है। दरअसल, किसी भी प्रतियोगी परीक्षा की सफलता के लिए सही स्ट्रेटेजी बहुत जरुरी है। इसमें अकेले शिक्षण संस्थान ही नहीं, विद्यार्थी और उनके अभिभावकों की भी बड़ी भूमिका होती है।

**कोचिंग संस्थान के नाते जिम्मेदारी:** एक कोचिंग संस्थान के नाते हम हमारी जिम्मेदारी मानते हैं कि–
1.समय पर कक्षाएं लगवाएं। 2.हर विषय के अनुभवी फैकल्टी से, समय पर पाठ्यक्रम पूरा करवाएं। 3.विद्यार्थी को अपडेटेड अध्ययन सामग्री और तकनीक समर्थन जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस द्वारा टेस्ट-एनालिसिस और प्रदर्शन सुधार के जरूरी सुझाव देते रहें। 4.पढ़ाई में छात्र को कोई संदेह रह जाए तो उसे क्लियर करवाएं। 5.बच्चे को जब भी जरुरत हो, भिलाई में स्थानीय अभिभावक के रूप में समर्थन दें। ऐसा वातावरण उपलब्ध करवाएं कि विद्यार्थी मोटीवेट रहकर लक्ष्य पर फोकस रहे और लगातार तैयारी करता रहे।

इसके लिए हमने पूरा सिस्टम बना रखा है और हजारों सहयोगियों की टीम कोटा से काम कर रही है। अगर कोई कड़ी कमजोर पड़ जाए तो हमें बताएं, समस्या का तत्काल समाधान करेंगे।

**विद्यार्थी की जिम्मेदारी** – सफलता के लिए छात्र के मन में जोश, जज़्बा, और आवश्यक स्पार्क नहीं है तो दुनिया की कोई ताकत कुछ नहीं कर सकती। इसलिए विद्यार्थी में रोजाना 12-14 घंटे मेहनत और संवेदनशीलता से पढ़ाई करने की इच्छा और लगन जरुरी है।

**शिक्षक की सुनें** –विद्यार्थी को यह मानकर चलना चाहिए कि वह जो भी पढ़ रहा है, उसके लिए पहली बार है लेकिन शिक्षक यह सब पहली बार नहीं पढ़ा रहे होते हैं। उन्होंने हजारों विद्यार्थियों को वह विषय पढ़ाया होता है। उन्हें पता होता है कि विद्यार्थी की क्षमता क्या है और उसको कैसे पढ़ाना और सिखाना है। इसलिए सफलता के लिए जरुरी है कि वह अपने तरीके से पढ़ने की जगह अपने अपने शिक्षकों के निर्देशों का पालन करें। मोशन से दी गई सभी सीट्स और शिक्षक सामग्री को जरूर से पूरा करें।

**लक्ष्य के प्रति फोकस रहें, बैकलॉग नहीं बनाने दें:** 1.ज्यादातर विषयों में टॉपिक्स और कॉन्सेप्ट्स एक दूसरे पर डिपेंड करते हैं। यदि आपने बीच में कोई क्लासेस मिस कर दी हैं, तो आगे के टॉपिक्स समझना मुश्किल हो जाता है। इसलिए जरुरी है कि छात्र-छात्राएं, क्लास में नियमित आएं। उपस्थिति 95% से अधिक होना जरुरी है। 2.टाइम मैनेजमेंट जरुरी है। टाइम टेबल बनाकर रोजाना कोचिंग सहित 12-14 घंटे पढ़ाई जरूर करें। 3.होमवर्क समय पर पूरा करें और किसी भी हालत में बैकलॉग नहीं बनाने दें। 4.आधे-अधूरे मन से किए गए काम में सफलता नहीं मिलती है। एग्जाम टाइम पर सिलेबस को फिनिश ना करना आधे-अधूरे इरादे के लक्षण हैं।

**अभिभावक न खुद तनाव लें और न ही बच्चों को दें** – माता-पिता का कर्तव्य है कि वे बच्चे को सही जगह कोचिंग के लिए भेजें। अपने सामर्थ्य के अनुसार बच्चे को मासिक व्यय भेजते रहें। उसको घर के समस्याओं और विवादों से दूर रखें। बच्चे से रोज या एल्टरनेट जरूर से बात करें और उसकी दिनचर्या पर नजर रखें। मोशन द्वारा एटेंडेंस और टेस्ट परफॉर्मेंस से संबंधित सभी संदेशों पर ध्यान दें। समय-समय पर भिलाई आएं और देखें कि बच्चा होस्टल में कैसे रह रहा है, पीटीएम में अवश्य से भाग लें। बच्चों को हर टेस्ट देने के लिए प्रेरित करें और उनकी गलतियों की पहचान कर दूर करने में मदद करें। याद रखें टेस्ट में सवालों का स्तर एग्जाम से भी टफ होता है। अगर टेस्ट में नंबर कम आते हैं तो यही कहें कि तुम अपनी ओर से सबसे अच्छा करो, जो परिणाम आएगा, उसे हम दिल से स्वीकारेंगे। यह आश्वासन उन्हें हौसला देगा।

जो छात्र नीट और जेईई एग्जाम में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं, और उन्हें रिस्टार्ट लेना है, उन्हें बिल्कुल भी देर न करनी चाहिए। उन्हें संकल्पबद्धता के साथ आगे बढ़ना चाहिए, और मोशन के नीट और जेईई के लिए 1 जुन से नए बैच में अपनी कक्षाएं शुरू करनी चाहिए। और जो 10वीं के छात्र अभी तक रिजल्ट की प्रतीक्षा कर रहे थे, वे और अधिक समय बर्बाद न करें, और मोशन के सर्वश्रेष्ठ काउंसलर से सलाह लेकर उचित निर्णय लें।

**सफलता का दरवाजा: मोशन भिलाई इंस्टीट्यूट में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत–** आपके विश्वास से मोशन को कोटा में जेईई, नीट और ओलम्पियाड की तैय्यारी के लिए सबसे तेजी से बढ़ने वाला और सर्वश्रेष्ठ कोचिंग संस्थान बना दिया है और अब मोशन कोटा का भरोसा भिलाई में साकार होता दिख रहा है। मोशन-भिलाई हमारे लिए किसी इंस्टिट्यूट या संस्था का नाम नहीं है, हमारे लिए यह मिशन है, जिम्मेदारी और संकल्प है। संकल्प शिक्षा के क्षेत्र में बदलाव का, भावी पीढ़ी के करियर के सपनों को साकार करने का। हमारे लिए हर विद्यार्थी खास है, हम चाहते हैं कि विद्यार्थियों को अच्छे से अच्छा माहौल मिले और वे अपने मकसद में कामयाब हों। हमेशा उनका विशेष ख्याल रखते हैं, उनके सपनों से लेकर सफलता तक के सफर में साथ रखते हैं। उनकी हर समस्या हमारी समस्या होती है और हम उनके समाधान के लिए हमेशा तैयार रहते हैं।

इन दिनों, मोशन भिलाई इंस्टिट्यूट में एडमिशन का सिलसिला चल रहा है। यह एक नए शुरुआत का समय है और नए सत्र, नए संकल्प, लक्ष्य और नई उम्मीदों के साथ आया है। मोशन भिलाई, सभी वर्ग के छात्रों के लिए कुछ विशेष लेकर आया है –

**फाउंडेशन कक्षा** – 8, 9, 10 के छात्रों के लिए कॉन्सेप्ट के साथ NCERT की बेसिक्स को स्ट्रांग करते हुए सभी प्रकार की ओलंपियाड की विशेष तैयारी। अभी भी जो छात्र एडमिशन नहीं लिए है उनके लिए अच्छा मौका है सीधे छात्रवृत्ति के आधार पर मोशन में एडमिशन पा सकते हैं जहाँ सप्ताह में 4 दिन क्लास होती है जिसमे फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथ्स, बायोलॉजी, एस. एस.टी., व मेंटल एबिलिटी, मोशन कोटा के विशेष फैकल्टी द्वारा पढ़ाया जाता है।

**कक्षा** – 11 के छात्रों के लिए 2 साल का विशेष **नर्चर बैच** प्रोग्राम जिसमें स्कूल के कॉन्सेप्ट के साथ **'नीट, जेईई'** की कोटा के एक्सपर्ट द्वारा रोजाना 5 घंटे, क्लास ली जाती है जिनका टारगेट नीट/जे.ई.ई.-2026 है वो बिना देर किए मोशन में एडमिशन ले सकते है

**कक्षा** – 12 के छात्रों के लिए **एन्थ्यूस बैच** में रोजाना 5 घंटे **NCERT एवं JEE/NEET** की विशेष तैयारी करायी जाती हैं। जिनका टारगेट स्कूल के साथ, नीट/जे.ई.ई.-2025 है वो काफी लेट हो चुके है फिर भी हमारे एक्सपर्ट से मिलकर जानकारी अवश्य लें।

**नीट व जे.ई.ई.**–ड्रॉपर्स के छात्रों के लिए, लीडर्स बैच 13 मई एवं 1 जून से शुरू होने जा रहे है जिसमें रोजाना 6 घंटे की क्लास 11वी, 12वी का सिलेबस एवं सभी प्रकार के टेस्ट सीरीज सम्मिलित है। हिंदी/अंग्रेजी माध्यम की क्लास अलग अलग लगाई जाती है।

और भी बहुत कुछ, सभी के लिए स्पेशल स्पॉट ऑफर के साथ सीट बुक करें, नहीं तो आप लेट हो सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए, आप 152 - न्यू सिविक सेंटर,भिलाई हमारी ब्रांच में विजिट कर सकते है...।

**–नितिन पंड्या**
(डायरेक्टर, मोशन भिलाई)

## खबर संक्षेप

### दिव्या का दसवीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**सरायपाली।** शासकीय हाईस्कूल रोहिना में दसवीं का परीक्षा परिणाम पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी उत्कृष्ट रहा। इस वर्ष परीक्षा परिणाम 94 प्रतिशत रहा। कक्षा दसवीं में दिव्या गंधेल ने 87.5. प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान हासिल किया। टिंकल सेठ ने 83 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं नीता जगत ने 75 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान हासिल किया। कक्षा दसवीं में आठ छात्र प्रथम श्रेणी में एवं छह छात्र द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। छात्रों की इस उपलब्धि पर संस्था प्रमुख अजय कुमार जायसवाल, व्याख्याता कमलेश साहू, केके साहू, प्रधान पाठक एवं समन्वयक टीआर पटेल, शिक्षक एके पटेल, एसके पटेल, सहायक शिक्षक कैलाश कमार, एसआर साहू, लीला पटेल, कन्हैया बरिहा, सरपंच जज्ञसिनी चूड़ामणि साहू, पूर्व जन भागीदारी समिति अध्यक्ष कुंतल प्रसाद साहू, पूर्व सरपंच सुरेंद्र सेठ, नरहरि साहू, दिवाकर साहू, विजय राणा, जयकृष्ण नेताम, मधु राणा आदि ने हर्ष जताया है।



### कोलता समाज ने देनिशा का किया सम्मान

**सरायपाली।** बाबा बिशासहे कुल कोलता समाज सरायपाली अंचल द्वारा छग माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा में प्रावीण्य सूची में 9 वां स्थान प्राप्त कसलबा निवासी देनिशा प्रधान पिता करुणा सागर प्रधान का स्मृति चिह्न, श्रीफल एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। संभागीय अध्यक्ष गिरधारी साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष नंदकिशोर भोई, आंचलिक उपाध्यक्ष जयंत बारीक ने देनिशा के इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए समाज के लिए गौरव बताया। आज बेटियां भी शिक्षा के क्षेत्र में नई मुकाम हासिल करने में सफल हो रही हैं। देनिशा को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इनकी इस उपलब्धि से समाज की बेटियों को प्रेरणा मिलेगी। कार्यक्रम का संचालन आंचलिक सचिव भूपेंद्र भोई एवं विधिक सलाहकार दिलीप भोई ने सभी का परिचय कराया। इस अवसर पर कुल कार्यकारिणी सदस्य किशोर भोई, हेमसागर प्रधान, झिलमिला शाखा सभा सचिव महेश नायक, कर्मचारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष सूर्यकांत बारिक, सचिव अशोक साहू, व्यापारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष नरोत्तम बारीक, युवा प्रकोष्ठ संभागीय उपाध्यक्ष हीरालाल प्रधान सहित परिवार के सदस्य व ग्रामवासी करुणा प्रधान, नरसिंह प्रधान, प्रमोद प्रधान, छविलाल, कविराज साहू, अजय प्रधान, अशोक प्रधान, हेमंत प्रधान आदि उपस्थित थे। उक्त जानकारी कमलेश साहू ने दी।

**समस्या :** जल्द मरम्मत नहीं होने से किसानों का होगा पलायन

# सरायपाली-सुखापाली के बीच स्थित जलाशय टूटा, क्षेत्रवासियों को नहीं मिल रहा है लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

ग्रामीण क्षेत्रों में फसलों की सिंचाई के साथ-साथ अन्य कार्यों के लिए किसानों व आमजनों को पानी की समुचित व्यवस्था के लिए अनेक स्थानों पर बांध (जलाशय) बनाए गए हैं। जहाँ भी जलाशय हैं, उसके आसपास के सैकड़ों एकड़ खेतों को सिंचाई के लिए समयानुसार पर्याप्त पानी मिल जाता है, लेकिन क्षेत्र में भगत सरायपाली से सुखापाली के बीच स्थित जलाशय के टूट जाने के कारण क्षेत्रवासियों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। बांध में पानी नहीं रूकने के कारण गर्मी के दिनों में लोगों के निस्तारी के लिए भी पानी की समस्या उत्पन्न हो रही है। वहीं उक्त जलाशय पर आश्रित जीव-जन्तुओं को गर्मी के दिनों में काफी परेशानी हो रही है। विगत 2022-23 में उक्त बांध के मरम्मत की स्वीकृति मिलने के बावजूद संबंधित विभाग की उदासीनता के कारण ग्रामीणों को अभी तक इसका लाभ नहीं मिल पाया है, जिससे क्षेत्र वासियों में आक्रोश देखा जा रहा है। सुखापाली के ग्रामीण परशुराम सागर, बाबूलाल पटेल, क्षमानिधि पटेल, गुणनिधि, पदमन दीप, सुन्दरलाल सागर, शोभाराम दीप आदि ने बताया कि क्षेत्र में पानी की समस्या को देखते हुए लगभग 35-40 वर्ष पूर्व भगत सरायपाली व सुखापाली के मध्य टार बांध (सरकारी मुड़ा) का निर्माण किया गया था। इस बांध के बन जाने से दोनों गांवों के सैकड़ों एकड़ खेतों की सिंचाई हो जाती थी तथा आसपास का जल स्तर भी बना रहता था। इसके अलावा ग्रामीणों की निस्तारी व मवेशियों के पेयजल निस्तारी का भी वह एक प्रमुख स्त्रोत था। ग्रामीणों ने बताया कि वर्ष 2016-17 से बांध का एक हिस्सा टूट गया है, जिससे लगभग 20-25 फीट का स्थान खाली हो गया है। बांध टूटने के बाद से वहां जल-भराव नहीं हो पा रहा है। बरसात का पानी उस खाली जगह से बाहर निकल जाता है, जिससे क्षेत्र वासियों को उसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में सिंचाई विभाग के साथ-साथ विभागीय मंत्री तक को इसकी शिकायत कर बांध के मरम्मत की मांग की गई थी। सत्र 2022-23 में इसके मरम्मत के लिए स्वीकृति मिल चुकी है, लेकिन विभागीय उदासीनता के कारण अब तक बांध की मरम्मत नहीं हो पाई है।



**जल्द मरम्मत नहीं हुआ तो हो सकता है किसानों का पलायन**

ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र के सैकड़ों किसान खेतों की सिंचाई के लिए इसी बांध पर निर्भर रहते हैं। बांध के टूट जाने से खेती के लिए अब केवल बरसात का ही सहारा है। लेकिन वर्षा भी अनियमित हो गई है, जिसके कारण क्षेत्र के फसलों को काफी नुकसान पहुंच रहा है। इस बांध के मरम्मत न होने पर सैकड़ों किसानों के सामने अत्यंत विकट स्थिति उत्पन्न हो गई है। यदि जल्द ही मरम्मत कार्य नहीं हुआ तो अनेक कृषक यहां से पलायन भी कर सकते हैं।

# प्रदेश महिला मराठा समाज ने किया शशिप्रभा को सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कुछ शिक्षक अपनी विशिष्ट शैली और विद्वता के कारण जीवनभर अपने छात्रों के ह्रदय में एक सुखद स्मृति के रूप में बने रहते है और ऐसे ही शिक्षाधिकारी रही है महासमुंद की सेवानिवृत्त प्राचार्य शशिप्रभा थिटे। कुछ इन्ही शब्दों के साथ थिटे का अभिनंदन किया गया, अवसर था छग महिला मराठा समाज की महिला प्रकोष्ठ का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन एवं राज्य की मराठा समाज की चुनिंदा प्रतिभाओं के सम्मान का। छग मराठा समाज के प्रदेशाध्यक्ष अरूण घाटगे एवं छग महिला मराठा समाज की प्रदेश अध्यक्ष कविता योगेश बाबर की संयुक्त अध्यक्षता में बीते 12 मई 2024 को धमतरी के छत्रपति शिवाजी मराठा मंगल भवन में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थी पद्मश्री फुलबासन बाई यादव, नागपुर हाईकोर्ट की प्रसिद्ध अधिवक्ता स्मिता सरोडे सिंग्लकर, विशिष्ट अतिथि वर्णिका शर्मा राष्ट्रीय सुरक्षा जागर मंच की राष्ट्रीय महासचिव एवं कवियित्री मीना बंधन रहे।



ज्ञातव्य है कि शशिप्रभा थिटे अंचल के सुप्रसिद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. केएस थिटे की सुपुत्री एवं वरिष्ठ अधिवक्ता प्रलय थिटे की बड़ी बहन है। उन्होंने रविशंकर विश्व विद्यालय से एमएससी (जुलॉजी) में मैरिट लिस्ट में स्थान प्राप्त किया था। अविभाजित मध्यप्रदेश में लोकसेवा आयोग में चयनित होकर राजनांदगांव एवं महासमुंद के शासकीय कन्या शाला में व्याख्याता एवं बाद में बेमचा, बिरकोनी एवं महासमुंद में वरिष्ठ प्राचार्या होकर सेवानिवृत्त हुए। पश्चात स्थानीय देवसंस्कृति विद्यालय शिक्षण संस्थान की अध्यक्षा का दायित्व निर्वहन कर रही है। वेदमाता गायत्री परिवार के आयोजनों में बतौर मुख्य वक्ता और मार्गदर्शिका के रूप में अनवरत सक्रिय शशिप्रभा थिटे के लघुभ्राता प्रलय थिटे के शब्दों में जहां कही उंच पर्वत होते है पास ही कही गहरी नदी अवश्य होती है, बिना गहरा हुए इतना उंचा नहीं उठा जा सकता है। महासमुंद शिक्षा जगत के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं, छात्र-छात्राओं एवं नागरिकों ने शशिप्रभा थिटे के सम्मान पर इसे नगर और क्षेत्र के लिए गौरवशाली क्षण बताया है।

# आत्मानंद स्कूल तुमगांव में लॉटरी के माध्यम से हुआ प्रवेश कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तुमगांव में लॉटरी के माध्यम से प्रवेश कार्यक्रम हुआ। कक्षा पहली से लेकर कक्षा 12वी तक के सभी विद्यार्थियों का चयन लॉटरी के माध्यम से किया गया। कक्षा पहली में 48 विद्यार्थियों का चयन किया गया। इसी प्रकार सभी कक्षाओं के प्रवेश की प्रक्रिया पूर्ण की गई। प्रवेश प्रक्रिया में विशेष रूप से सभी वर्ग बीपीएल बालक-बालिकाएं एवं एपीएल बालक-बालिकाएं को सम्मिलित किया गया।

मुख्य अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा ने चयनित छात्रों को बधाई देते हुए शेष छात्रों के लिए निराश न होकर अन्य विद्यालयों में अपने स्थान सुनिश्चित करने की बात कही। संस्था के प्रमुख प्राचार्य एल कुरील द्वारा चयनित छात्रों के भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगे के अध्यापन के लिए प्रेरित किया। अंग्रेजी माध्यम के प्रभारी सिद्धांत गायगौरे द्वारा चयनित छात्रों के अभिभावकों से जल्द से जल्द समस्त दस्तावेजों की मूल कॉपी के साथ स्कूल में प्रवेश की प्रक्रिया पूर्ण करने की आग्रह की गई। कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी सिन्हा, संकुल समन्वयक आशीष साहू, विद्यालय के प्रमुख प्राचार्य कुरील, दोनों माध्यमों के सभी शिक्षक रेवती रमण तारक, पवन डडसेना, सिद्धांत गायगौरे, सुरेश यादव, सागर झा, सत्यम पांडेय, सजल चंद्राकर, तरुण सिन्हा, लक्ष्मी नारायण साहू, डोलेश होता, मधुरिमा शर्मा, भारती भार्गव, मोनिका यादव, चेतना फेकर एवं समस्त अभिभावक उपस्थित रहे।



# प्रगतिशील छग सतनामी समाज फिरगी परिक्षेत्र का गठन

**महासमुंद।** प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज बागबाहरा ब्लॉक के अंतिम छठवां अठगंवा फिरगी परिक्षेत्र का गठन के लिए बैठक हुई। इसमें प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज युवा प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष दिनेश बंजारे, जिला सचिव रेखराज बघेल, शिक्षा समिति के जिला अध्यक्ष राजेश रात्रे, यूथ जिलाध्यक्ष तरुण व्यवहार, आनंद व्यवहार, शत्रुघ्न चेलक मौजूद रहे।

इस मौके पर दिनेश बंजारे ने कहा कि समाज को संगठित करने व दादा नकुल दीदी के सपनों को साकार करने हर परिक्षेत्र का गठन किया जा रहा है। पश्चात ग्राम कमेटी का गठन किया जाएगा। जिसमें समाज की सर्वे रिपोर्ट तैयार कर शिक्षा की वर्तमान स्थिति, रोजगार, कृषि के क्षेत्र में, भूमिहीन कितने है इसका आकलन कर मेमोरेंडम तैयार किया जाएगा। ताकि, शासन प्रशासन से भी लाभ दिलाया जा सके। सतनामी समाज में विभिन्न कुरीतियों को भी खत्म करने के लिए बहुत जल्द कड़ा नियमावली बनाई जाएगी, इस नियमावली को जिला, ब्लॉक, अठगंवा , ग्राम के पदाधिकारी को दिया जाएगा। नियम लागू होने से समाज अनुशासित होगा। जिला सचिव रेखराज ने प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज की उद्देश्य नियमावली को बताते हुए विभिन्न कुरीतियों को दूर करने, लोगों को प्रेम सद्भाव से रहने एक-दूसरे का सहयोग करने, अन्याय अत्याचार पर एक होकर काम करने के लिए लोगों को प्रेरित किया हैं। शिक्षा समिति के जिला अध्यक्ष राजेश ने पे बैंक सोसायटी की जानकारी देते हुए बताया कि समाज गरीब जरुरत मंद प्रतिभावान बच्चों को पुस्तक या स्कूल कालेज की फीस जमा करने में सहयोग किया जा रहा है। युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष तरुण ने महेश घृतलहरे हत्याकांड की निंदा करते हुए युवाओं को प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज से जुड़ने की अपील की। फिरगी परिक्षेत्र चारभाठा, चुरुपारी, सेवाती, डोगरीपाली, चौकबेड़ा, शिकारीपाली, भीखापाली, बढाईपाली से आए हुए समाजजनों द्वारा सर्व सम्मति से प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के बैनर तले मंगलदास जोगी फिरगी को अध्यक्ष व नंदकुमार जोगी, हीरालाल कोसारिया, पान सिंह कोसरिया उपाध्यक्ष, वेदराम गायकवाड़ सेवती सचिव, उदय राम निराला चारभाठा, सहसचिव यादराम निराला फिरगी, मीडिया प्रभारी लोकनाथ बंजारे, कार्यकारिणी सदस्य हीरालाल महिलांग, बिरजू मुरैना सीताराम सोनवानी, श्याम दास खरे, किशन जांगड़े, लेखराम जोशी, महेश कोसरिया, प्रेमलाल भारद्वाज की नियुक्ति की गई है। इस मौके पर संतोषी व्यवहार ब्लॉक उपाध्यक्ष, कार्तिक भारतद्वाज ब्लाक सचिव व समाजजन उपस्थित रहे।



# तीर्थ यात्री रामेश्वरम के समुद्र तट पर रेत का शिवलिंग बनाकर करेंगे अभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पुरोहित पंकज तिवारी के निवास से तीर्थ यात्रियों का जत्था रामेश्वरम धाम के लिए 19 मई की शाम 6 बजे बस से रवाना होगा। यात्रा में नगर सहित आसपास व अन्य जिले के तीर्थ यात्री शामिल है। तीर्थयात्री दंतेश्वरी, भद्राचलम, मल्लिकार्जुन, लक्ष्मी स्वर्ण मंदिर, मदुराई मीनाक्षी मंदिर होते हुए रामेश्वरम पहुंचेंगे। जहां 25 से 31 मई तक विश्राम कर श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करेंगे। वहां व्यास पीठ से तिवारी भागवत कथा का बखान करेंगे। इस दौरान तीर्थयात्री जहां रामेश्वरम के दर्शनीय स्थलों का दर्शन करेंगे। वहीं समुद्र तट पर बालू का शिवलिंग बनाकर अभिषेक करेंगे।

जानकारी देते हुए पं.पंकज तिवारी ने बताया कि भगवान राम, माता सीता ने समुद्र तट पर रेत का शिवलिंग बनाकर पूजन किया था। भगवान राम द्वारा पूजित होने के कारण रामेश्वरम कहलाए। इसी तरह तीर्थ यात्री अपने-अपने नाम से बालू का शिवलिंग बनाकर परिवार व जनकल्याण के लिए अभिषेक पूजन करेंगे। तिवारी ने बताया कि स्कंद पुराण में रामेश्वरम धाम की महिमा का बखान करते हुए कहा गया है कि सतयुग में 10 वर्षों में जो पुण्य किया जाता है, उसी को त्रेता में मनुष्य एक वर्ष में सिद्ध करते हैं। द्वापर में एक मास और कलयुग में एक दिन में वह पुण्य साध्य किया जाता है। किंतु जो लोग भगवान रामेश्वरम का दर्शन करते हैं उनको वही पुण्य कोटि गुना होकर एक-एक पल प्राप्त होता रहता है। जो लोग रामेश्वरम धाम नहीं जा सकते। वे अपने पूर्वजों के नाम से पोथी पारायण करा सकते हैं। इसी तरह अपने नाम से भंडारा का भी आयोजन करा सकते हैं। यात्रियों की वापसी पांच जून को तिरुपति बालाजी का दर्शन करते हुए होगी। यात्रा की तैयारी में भागवत कथा आयोजन समिति के सदस्य मूलचंद लड्ढा, दिलीप जैन, राजेश नायक, देवेंद्र चंद्राकर गुड्डू, तारा चंद्राकर आदि लगे हुए हैं।

# जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए हुई समीक्षा बैठक



**महासमुंद।** जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार विभिन्न शालाओं में अध्ययनरत बच्चों के जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए संकुल केंद्र पटेवा में संकुल स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता संकुल प्राचार्य समीर चंद्र प्रधान ने की।

उनके द्वारा जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। उन्होंने जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए 15 जून तक 100 फीसदी कार्य करने की बात कही। इस अवसर पर संकुल के सभी शासकीय एवं प्राइवेट स्कूल के प्रधान पाठक उपस्थित थे। उनके द्वारा भी इस कार्य के लिए पुरजोर प्रयास करने का भरोसा दिलाया गया। समीक्षा बैठक का संचालन संकुल समन्वयक राजू देवानंद ने किया। उनके द्वारा भी उच्च कार्यालय से प्राप्त निर्देशों को सभी शिक्षकों के बीच रखा गया। बैठक में प्रमुख रूप से नंदकुमार निर्मलकर, मुरारी ध्रुव, ऋषि पटेल, अरुण कुमार साहू, नरेश्वर डड़सेना, गजेंद्र दीवान, चूड़ामणि साहू, कृष्णा साहू, भगवती गायकवाड़, खिलेश्वरी कोसरिया, ममता कुर्रे, गीता पटेल, वासना साहू, चमन लाल निर्मलकर, मेमन चंद्राकर उपस्थित थे।

### कक्षा बारहवीं में प्रियंका व दसवीं में हर्षिता प्रथम

**महासमुंद।** छग माशिमं द्वारा कक्षा 10वीं व 12वी बोर्ड परीक्षा का परिणाम जारी किया गया। जिसमें श्याम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 12वी से प्रियंका देवांगन ने विज्ञान संकाय में 70 प्रतिशत प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। 10वी में प्रथम हर्षिता चंदानी 76.16 प्रतिशत, द्वितीय लिमेश दीवान 73.5, तृतीय देवेंद्र जगत 73.33 प्रतिशत रहे। छात्रों की सफलता पर तारा चंद्राकर, हेमंत चंद्राकर, अंशदित्य चंद्राकर, विद्यालय के प्राचार्य तेजबहादुर सिंह ठाकुर, प्रधानाचार्य मीना राजपूत, परीक्षा प्रभारी कोमल सिंह देवागंन, अमित लामा, गीतांजलि यादव, उमा दीवान, महेश्वरी साहू ने हर्ष जताया है।

# सर्व अजा समाज बसना ब्लाक अध्यक्ष सुरेश एवं रामेश्वर सचिव मनोनीत

## छत्तीसगढ़ सर्व अजा समाज संगठन का ब्लाक स्तरीय गठन एवं विस्तार किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सर्व अनुसूचित जाति समाज ब्लॉक बसना का गठन प्रांतीय अध्यक्ष डॉ लक्ष्मण भारती एवं रेखराम बघेल जिलाध्यक्ष के निर्देशानुसार जिला उपाध्यक्ष महासमुंद प्रकाश नंद जलकोट के मार्गदर्शन में किया गया। सर्वप्रथम बैठक में संविधान शिल्पी बाबा साहब डॉ बीआर अंबेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण के पश्चात सामूहिक संविधान का वाचन किया गया। डॉ अंबेडकर के विचारों को सभी सदस्यों ने अपने-अपने उद्बोधन के माध्यम से विचार व्यक्त किए। बैठक में उपस्थित सर्व अनुसूचित जाति समाज के गांडा समाज, रविदास समाज, सतनामी समाज, सारथी समाज, महार समाज, बेलदार समाज आदि समाजजनों की उपस्थिति में सामुदायिक भवन ग्राम जलकोट बसना में सभापति व सरायपाली सारथी समाज अध्यक्ष चंद्रसाय मांझी एवं सरायपाली सर्व अनुसूचित ब्लॉक अध्यक्ष जगदीश चौहान की अध्यक्षता में सीनियर एलआईसी एडवाइजर अरेकेल (बसना) निवासी सुरेश कुमार अस्तुरा को सर्वसम्मति से अध्यक्ष बसना विकासखण्ड का नाम प्रतावित किया गया, जिसे ध्वनिमत से पारित किया गया।

साथ ही ब्लॉक सचिव रामेश्वर चौहान भैंसाखुरी, सहसचिव बाबूलाल कुर्रे, उपाध्यक्ष उदय राम चौहान भंवरपुर, निरंजन कानूनगो, रामलाल लहरे कापूडीह, नरेंद्र कुमार चौहान बिलखंड, दीवान चंद बिसार बसना संगठन मंत्री बनाए गए। उदय राम चौहान कर्राभावना को कोषाध्यक्ष एवं सभी अनुसूचित जाति समाज के ब्लाक अध्यक्षगण पदेन ब्लाक संरक्षक के पद पर रहेंगे। इस तरह से सर्व सम्मति से मनोनयन कर सर्व अनुसूचित जाति समाज का ब्लाक स्तरीय विस्तार किया गया।

बैठक में बाबूलाल कुर्रे, भजन लाल खटकर, बसना ब्लॉक सारथी समाज अध्यक्ष आरएल बाग, कैलाश बेहरा, दानी सिंह चौहान, प्रेमलाल, छत राम चौहान, उदय राम, नंद कुमार चौहान, नरेंद्र कुमार चौहान, दयाराम चौहान, सत्यनारायण सारथी, प्रदीप बंछोर गौरटेक, मालिक राम चौहान सुखापाली, नीलांबर रामलाल कापूडीह, रामकुमार बंछोर, दीवान चंद बिसार बसना, बलबीर सांडे भूथिया, विद्याधर सोनवानी बसना सर्व अनुसूचित जाति जिला संगठन मंत्री आदि प्रबुद्धजनों की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन एवं आभार प्रदर्शन सभापति चंद्रसाय मांझी अध्यक्ष सारथी समाज सरायपाली ने किया। संगठन विस्तार पर प्रांतीय अध्यक्ष डॉ लक्ष्मण भारती, प्रांताध्यक्ष के आर सागर सारथी समाज, रेखराम बघेल जिलाध्यक्ष सर्व अजा, तुलेंद्र सागर जिलाध्यक्ष सारथी समाज, वीरेंद्र सागर जिला सचिव, देवेंद्र रौतिया रविदास समाज, मोहन कुलदीप, टोमन सिंह कागजी गाड़ा समाज एवं समस्त जिला कार्यकारिणी ने हर्ष जताया है।



Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD | मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक | इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1, गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.
मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना। प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी।
समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक
डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप



### कक्षा 12वीं की परीक्षा में सुजल रही प्रथम

**सरायपाली।** सुजल अग्रवाल ने कक्षा 12वीं की परीक्षा में 92 प्रतिशत अंक के साथ स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त कर सरायपाली नगर व अग्र वंश समाज को गौरवान्वित किया है। अग्र शिरोमणि संस्था ने सुजल के घर जाकर हर्ष जताते हुए जताया। और सम्मान की कड़ी में प्रोत्साहन स्वरूप नगद राशि, अग्रसेन लिफाफा, अग्रसेन स्टीकर दिया गया। परिजनों से महाराजा अग्रसेन एवं सामाजिक विषय पर चर्चा की गई। सुजल के बाहर होने के कारण सुजल के बाबा व दादी का सम्मान किया गया।

### खरोरा के ग्रामीणों ने की गंगा पूजा



**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में मां गंगा सप्तमी पर मां गंगा की पूजा अर्चना की गई। जिसमें मितानिन कौशल्या चंद्राकर, दामिनी चंद्राकर, अंजू चंद्राकर, रुपेश चंद्राकर, शशि चंद्राकर, पारु चंद्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि हिंदू धर्म में गंगा को पवित्र नदियों में से एक माना गया है।

### जवाहर नवोदय से कक्षा 10वीं में सहर्ष प्रथम

**सरायपाली।** पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय से कक्षा 10वी में सहर्ष नायक ने 94.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। ज्ञातव्य हो सहर्ष का कक्षा 5वी में सैनिक स्कूल एवं नवोदय विद्यालय दोनों में चयन हुआ था। सहर्ष ग्राम माधोपाली के निवासी स्व चुनचुन गोटिया के प्रपौत्र तिलकराम के पौत्र तथा बलौदा कॉलेज के प्रो गजानंद नायक व शिक्षिका लक्ष्मी नायक के पुत्र है। सहर्ष ने अपने सफलता का श्रेय अपने माता पिता, गुरुजन व परिजन को दिया तथा वे नीट परीक्षा देकर डॉक्टर बनना चाहते हैं। सहर्ष की सफलता पर परिवार, समाज व ग्रामीणजनों में हर्ष व्याप्त है।



### खैरटखुर्द की पूजा ने बारहवी में रही प्रथम

**कोमाखान।** शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल खैरटखुर्द की पूजा ने 83 प्रतिशत के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान रही। पूजा के पिता भीखम दास ग्राम सरायपाली सुअरमार में मजदूर का काम करते हैं। ड्राप आउट के बाद भी उन्होंने हार नही मानी। उसकी सफलता पर प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक खेमराज टंडन, शिक्षिका डिलेश्वरी ठाकुर ने हर्ष जताया है।



# सीबीएसई दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड में चंद्रोदय पब्लिक स्कूल का परिणाम रहा शत प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) नई दिल्ली ने 13 मई 2024 को कक्षा दसवीं और बारहवी का रिजल्ट घोषित किया। नगर के प्रचलित बागबाहरा रोड महासमुंद स्थित चंद्रोदय पब्लिक सीबीएसई स्कूल में कक्षा दसवीं और बारहवी बोर्ड का परिणाम शत प्रतिशत रहा। कक्षा बारहवीं बोर्ड में चारु चांडक 93 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान पर रही। वही द्वितीय दर्शन जैन 92.6 प्रतिशत के साथ रहे। तृतीय स्थान पर शशि सिंह 92, चतुर्थ तेजस चंद्राकर 89, पांचवें स्थान पर भावना पटेल 88.6 प्रतिशत रहे।

इधर कक्षा दसवीं बोर्ड में प्रखर जैन ने 96.2 प्रतिशत के साथ प्रथम, द्वितीय आकांक्षा गुप्ता 91.8, प्रियांशु सेठिया 88.2 तृतीय, चौथे कणिका विश्वकर्मा 87.4, अर्चना ने 87.2 प्रतिशत के साथ पांचवां स्थान प्राप्त किया। छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर चंद्रनाहू शिक्षण समिति के अध्यक्ष, राहुल चंद्राकर, उपाध्यक्ष चंद्रपाल चंद्राकर, सचिव कमलेश चंद्राकर, प्राचार्य नवीन कुमार, उप प्राचार्य मंजुला चंद्राकर, सहसचिव बंशीलाल चंद्राकर, उपाध्यक्ष द्रोण चंद्राकर एवं समिति के सभी सदस्यों ने हर्ष जताया है।

प्राचार्य नवीन कुमार के बताया कि साल दर साल चंद्रोदय पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों का परिणाम उत्कृष्ट होता जा रहा है, पिछले वर्ष के मुकाबले इस वर्ष जायदा बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किया है। वही 80 प्रतिशत हासिल करने वाले विद्यार्थियों की भी संख्या बढ़ी है। वहीं प्रतियोगिता परीक्षाएं आईआईटी जेईई, नीट, सीपीटी इत्यादि की परीक्षा में भी बच्चों का प्रदर्शन इस वर्ष सराहनीय रहा है। इस अपार सफलता के पीछे विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शाला प्रबंधन समिति का उत्कृष्टता के लिए अथक प्रयास, अभिभावकों का सहयोग एवं शिक्षकों का मार्गदर्शन अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। सभी टॉप 10 टॉपर्स को स्कूल द्वारा सम्मानित किया जाएगा। छात्रों की सफलता पर पर शिक्षक वृंद दीपक ठाकुर (कक्षा अध्यापक, वाणिज्य), प्रियंका महापात्र (कक्षा अध्यापिका, अंग्रेजी), आरती ठाकुर (कंप्यूटर विज्ञान), शिवानी साहू (कंप्यूटर विज्ञान), संगीता साहू (हिंदी), टीकाराम साहू (हिंदी), शिवराज देवांगन (गणित), लव दुबे (भौतिक शास्त्र ), रोबिन सम्मदर (रसायन विज्ञान), रेणुका साहू (जीव विज्ञान), सांघवी ठाकुर (अर्थशास्त्र), भीषण मंडाले (क्रीड़ा शिक्षक), दुर्गेश कन्नौजे (क्रीड़ा शिक्षक), मनीष चंद्राकर (लेखपाल), टकेश्वर चंद्राकर (वाहन एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग), पूर्णिमा साहू (भृत्य), खेमराज यादव (गार्ड) एवं अन्य सभी गुरुजनों ने भी हर्ष जताया है।

## कार्मल कान्वेंट स्कूल का सीबीएसई परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई ने बोर्ड परीक्षा 2024 कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। इसमें बागबाहरा में स्थित कार्मल कान्वेंट स्कूल का परीक्षा परिणाम गरिमामय रहा। कक्षा 10वीं में हरनीश कौर सलूजा 95.2 प्रतिशत के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं नीति पटेल 93.8 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान, अदिति रंगारी 93.4 के साथ तृतीय, काजल चंद्राकर 90.4 के साथ चतुर्थ, दीक्षा डहरिया 90 के साथ पांचवा एवं ताम्रध्वज साहू 88.8 प्रतिशत अंक के साथ छठवां स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। छात्र-छात्राओं की इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर विद्यालय की प्राचार्या ने सभी विद्यार्थियों शिक्षकों और विद्यालय प्रबंधन समिति ने हर्ष जताया है।

### राज चंद्राकर ने किया स्कूल में टॉप

**महासमुंद।** ग्राम बेलसोंडा निवासी उत्तम चंद्राकर के सुपुत्र राज चंद्राकर ने गांव का नाम रोशन किया है। राज ने रायन इंटरनेशनल स्कूल रायपुर से सीबीएसई 10वीं बोर्ड की परीक्षा में 96.2 प्रतिशत प्राप्त कर स्कूल में टॉप किया है। राज ने अन्य छात्रों से अपना सक्सेस मंत्र साझा करते हुए कहा कि किसी भी परीक्षा की तैयारी के लिए निरंतरता जरूरी है।



## केंद्रीय विद्यालय का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय केंद्रीय विद्यालय का सीबीएसई परीक्षाफल उत्कृष्ट रहा। कक्षा बारहवीं में विज्ञान समूह 37, वाणिज्य से 23 तथा कक्षा दसवी से 79 विद्यार्थी सम्मिलित हुए। सभी विद्यार्थी सीबीएसई परीक्षा में सफल हुए। नतीजा 100 फीसदी रहा। केवि संगठन रायपुर संभाग के उच्चाधिकारियों के निर्देशन पर केवि प्राचार्य संजय कंसल के कुशल मार्गदर्शन एवं शिक्षक शिक्षिकाओं के सामूहिक प्रयास से बेहतरीन नतीजे से विद्यार्थी एवं अभिभावकों सभी गौरांवित है। कक्षा 12वी में विज्ञान समूह में येमन साहू ने 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे महासमुंद को गौरांवित किया है। येमन को रसायन शास्त्र में 100 में से 100 अंक तथा कंप्यूटर विज्ञान में 99 अंक अर्जित कर इतिहास रचा। कृति निर्मलकर ने 91.4 प्रतिशत अंक तथा दिव्यांशी साहू ने 88.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य समूह से प्रशांत निषाद ने 91.8 प्रतिशत अंक प्राप्त का प्रथम, प्राची जैन 80.6 प्रतिशत द्वितीय तथा कुलप्रीत ने 79 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किए। इसी तरह कक्षा दसवी में आर्यन ग्रहाचार्य ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किए। दूसरे एवं तीसरे स्थान पर ज्येष्ठा जीवन को 92 प्रतिशत तथा कनिष्का वर्मा को 91.2 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए। गणित स्टैंडर्ड में आर्यन को 98, दिव्य चंद्राकर को 97 तथा कनिष्का को 97 अंक प्राप्त हुए है। गणित का पीआई 75 रहा। विद्यार्थियों के शानदार प्रदर्शन के लिए प्राचार्य समेत सुरेश कुमार सिंह, रोहिता, त्रिपाठी, लोकेश सिंह, विवेकानंद प्रधान, अंबरीश शुक्ल, वंदना आचार्या, आर्यन, शिवानी, सोहन लाल, तुलसी राम चंद्राकर, भूमिका, घनश्याम साहू, मनीषा, विवेक मिश्रा, सीताराम, कांता एक्का, जितेंद्र कुमार चंद्राकर, संजय बघेल सहित केवि परिवार ने हर्ष जताया है।

### सीबीएसई 10वीं में अन्वेषा रही प्रथम



बिरकोनी। ग्राम बिरकोनी निवासी भारतीय थलसेना में कार्यरत नायब सूबेदार केशव तिवारी की सुपुत्री अन्वेषा तिवारी ने केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 रायपुर डीडी नगर स्कूल से सीबीएसई कक्षा 10वी में 95.8 प्रतिशत के साथ विद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। इसका श्रेय उन्होंने अपने माता पिता गुरुजन और केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य सुजीत सक्सेना को दिया है। विदित हो कि अन्वेषा शुरू से ही मेघावी छात्रा रही हैं।

### रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत

**महासमुंद।** सीबीएसई दसवीं व बारहवीं का रिजल्ट 13 मई सोमवार को जारी हुआ। जिसमें रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल (महासमुंद) से दसवीं व बारहवी का परिणाम शत प्रतिशत रहा। दसवीं के टॉपर्स छात्र अनमोल चंद्राकर, भूमिका ताम्रकार, भूमि, अनामिका तथा कक्षा बारहवीं विज्ञान संकाय के टॉपर्स छात्र शौर्य जैन, चंद्रशेखर रामटेके, प्रियल चंद्राकर रहे। कॉमर्स संकाय से भूमि सेवानी, रचित चोपड़ा, हर्षिका ललवानी रहे। विद्यार्थियों की सफलता पर स्कूल की प्राचार्या पूजा शर्मा, स्कूल की निर्देशिका सिंपल गोयल व समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने हर्ष जताया है।

## किसानों ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात



**बागबाहरा।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुख्यमंत्री आवास पर अलका चंद्राकर प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा व जिला पंचायत सदस्य के नेतृत्व में भेंटकर खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम लोंदामुड़ा में ओलावृष्टि से पीड़ित किसानों की समस्याओं से अवगत कराई। जिस पर तत्काल मुख्यमंत्री द्वारा अधिकारियों को किसानों की समस्याओं का समाधान करने का निर्देश दिया गया। अलका ने कहा कि कार्यकर्ताओं से मिलने पर मुख्यमंत्री की सरलता एवं आत्मीयता ने हम सभी कार्यकर्ताओं के मन को मोह लिया। इस अवसर पर नरेश चंद्राकर, संजय मालवे, कलाराम नायक, नारायण नायक, जसराज चंद्राकर, नरेंद्र बग्गा, रूपेश साहू, नंदू सोनी, चंदू साहू आदि उपस्थित रहे।

### रामायण कार्यक्रम में शामिल हुईं विधायक चातुरी



**सरायपाली।** क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद ग्राम छोटे साजापाली में आयोजित रामायण कार्यक्रम में शामिल हुईं। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रभु राम के कथा का रसपान करने का सौभाग्य, सौभाग्यशाली को मिलता है। भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम राम का जीवन हम सबके लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने ग्रामीणों को प्रभु राम के आदर्श मूल्यों को अपने जीवन में उतारने की अपील की। ज्ञात हो कि ग्राम छोटे साजापाली में 3 दिवसीय रामायण महोत्सव का आयोजन कराया जा रहा है, जहां आसपास की रामायण मंडली के कलाकारों द्वारा रामायण का पाठ और गायन किया जा रहा है। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता केशव चौधरी, बाबूलाल दीवान, गोवर्धन चौहान, रामानुज चौहान, कीर्ति चौहान, मीना चौहान, लोकेश चौहान, जयंत यादव समेत ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## कांग्रेस की सरकार बनी तो सहारा निवेशकों की लौटाई जाएगी एक-एक पाईः विनोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि विगत वर्ष जुलाई 2023 में सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सहारा रिफंड पोर्टल लांच कर 45 दिनों में देशभर के 10 करोड़ निवेशकों की राशि लौटाने की बात कही थी, लेकिन आज 10 माह बीतने के बाद भी निवेशकों को उनकी राशि नहीं मिल पाई।



चंद्राकर ने कहा कि देशभर के 10 करोड़ निवेशकों को ढाई लाख करोड़ लौटाई जानी है। जिसमें महासमुंद जिले के लगभग डेढ़ लाख निवेशक शामिल हैं। इन निवेशकों ने सहारा रिफंड पोर्टल के माध्यम से विगत जुलाई-अगस्त 2023 को 10 माह पूर्व अपनी परिपक्वता राशि की सकुशल वापसी के लिए आवेदन किया था, लेकिन पीड़ितों को आज तक राशि नहीं मिली। इसके अलावा प्रदेश भर के लगभग 8 से 10 लाख निवेशकों के लगभग 85 हजार करोड़ रुपए सहारा कंपनी में फंसा है। केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए रिफंड पोर्टल का लाभ प्रदेशवासियों को नहीं मिल पा रहा है। चंद्राकर ने कहा कि सेबी के पास 25 हजार 700 करोड़ की राशि निवेशकों को भुगतान के लिए रखा गया है। प्रथम किश्त में 10-10 हजार के रूप में 5 हजार करोड़ पोर्टल के माध्यम से लौटाने की योजना बनाई गई, लेकिन 250 करोड़ रुपए ही देश के कुछ राज्यों के निवेशकों को लौटाया गया है। 10 माह में महज 250 करोड़ लौटाना निवेशकों के भावनाओं के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने कहा कि 4 जून के बाद कांग्रेस के सहयोगी दल इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो सहारा निवेशकों की एक-एक पाई ब्याज सहित लौटाई जाएगी।

**बिजनेस साइट**

## बसना के अग्रवाल नर्सिंग होम में अब कॉस्मेटिक एवं प्लास्टिक सर्जरी की शुरुआत

**बसना।** एडवांस सर्जिकल सेंटर के रूप में विकसित अग्रवाल नर्सिंग होम बसना अब कास्मेटिक एवं प्लास्टिक सर्जरी के नाम से भी प्रख्यात होने लगा है। आज के नए दौर एवं इस युग की बहुप्रतिक्षित मांग तथा जरूरतों में शुमार है प्लास्टिक एवं कास्मेटिक सर्जरी। समय की मांग को देखते हुए अग्रवाल नर्सिंग होम बसना में भी अन्य सर्जरी के साथ-साथ कास्मेटिक एवं प्लास्टिक सर्जरी की शुरुआत की गई है। डॉ यतींद्र देवांगन जो कि प्रदेश के प्रख्यात एवं 10 वर्षों से अधिक अनुभवी कॉस्मेटिक एंड प्लास्टिक सर्जन है, जिन्होंने अपने बसना प्रवास में जटिल बीमारियों का प्लास्टिक सर्जरी कर अब तक सैकड़ों मरीजों को राहत पहुंचाई है। जिसमें एवी फिस्चुला बनाना शामिल है। जिन मरीजों को लगातार डायलिसिस की जरूरत पड़ती है, उनके हाथ में शिरा एवं धमनी को जोड़कर फिस्चुला बनाया जाता है, यह ऑपरेशन बहुत जटिलता एवं जोखिम से भरा होता है। इस ऑपरेशन से मरीज को बार-बार दर्द से बचाया जा रहा है। इस चिकित्सा पद्धति से लोगों की जीने की आस जगी है, पर एवी फिस्चुला बनाने वाले एक्सपर्ट एवं विशेषज्ञ सर्जन ही होते हैं। और इन ऑपरेशन में विशेष माइक्रोस्कोप की आवश्यकता पड़ती है, जिससे बहुत ही सूक्ष्म नसों को देख कर माइक्रो सर्जरी की जाती है। ऑपरेशन के दौरान या पश्चात अत्याधिक रक्त स्त्राव की संभावना बनी रहती है। प्रख्यात प्लास्टिक सर्जन डॉ यतीन्द्र देवांगन 16 मई 2024 को अग्रवाल नर्सिंग होम बसना उपलब्ध रहेंगे। इच्छुक मरीज अपना पंजीयन 15 मई तक करा लेवें।



## 47 ने किया रक्तदान, उपहार में दिए हेलमेट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

रक्तदान कर दूसरों को जीवन, हेलमेट पहन अपनी सुरक्षा के लिए जागरुकता संदेश देने बागबाहरा में आयोजित रक्तदान शिविर जो कि आर्ट ऑफ़ लिविंग परिवार द्वारा गुरुदेव रविशंकर महाराज के जन्मदिन पर स्थानीय जिन कुशल भवन में रखा गया था, वहां रक्तदाताओं को रक्तदान के पश्चात हेलमेट उपहार स्वरुप प्रदान किया गया। शिविर में कुल 47 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। शिविर का उद्घाटन गुरुदेव के चित्र की पूजा अर्चना कर किया। रक्तदान करने वाले प्रत्येक रक्तदाता को आशीर्वाद ब्लड बैंक व आर्ट ऑफ़ लिविंग परिवार के सदस्यों ने यातायात संबंधी जागरूकता के संदेश देते हुए हेलमेट भेंट किया। साथ ही निरंतर रक्तदान के लिए प्रेरित किया। शिविर में लिविंग परिवार के सभी सदस्यों का भरपूर सहयोग रहा।

## जाति प्रमाण पत्र के लिए संकुल केंद्र देवरी में हुई शिक्षकों की विशेष समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

शासकीय व अशासकीय विद्यालय के समस्त बच्चों का जाति प्रमाण पत्र पूर्ण करने के लिए संकुल केंद्र देवरी में समस्त प्रधान पाठक एवं शिक्षकों की विशेष समीक्षा बैठक हुई। संकुल समन्वयक मनोज चक्रधारी द्वारा समस्त शालाओं के शिक्षकों से वन टू वन चर्चा कर प्रगति रिपोर्ट की जानकारी ली गई। शेष बचे हुए बच्चों का जाति प्रमाण पत्र पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया। समस्त शिक्षकों को कार्य विभाजन कर कार्य में प्रगति लाने की जिम्मेदारी सौंपी गई। प्राथमिक शाला खुर्सीपार के प्रधान पाठक नेतराम साहू एवं शिक्षक नंदकुमार साव को जाति प्रमाण पत्र शत प्रतिशत पूर्ण करने के लिए बधाई दी। अंत में संकुल प्राचार्य डीएस टंडन द्वारा सभी शिक्षकों को साथ मिलकर मिशन मोड में कार्य करने के लिए दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में संकुल प्राचार्य डीएस टंडन, संकुल समन्वयक मनोज चक्रधारी, आपरेटर हितेश कुमार साहू, वरिष्ठ शिक्षक बलराम चंद्राकर, नेशलाल धृतलहरे, दीपक कुमार साहू एवं संकुल केंद्र देवरी के समस्त शिक्षक शिक्षिका उपस्थित रहे।






